डीआर भोपाल

01

भोपाल, बैरागढ़, वीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | कार्तिक कृष्ण पक्ष 12 - 2083 | भोपाल,दिन शुक्रवार, दिनांक 06 नवम्बर,2026

न्यूज गैलरी

मेंटेनेंस के 20 दिन बाद बिजली डीपी में लगी आग

शाजापुर। निरंजन रोड की बजरंग ऑयलोनी में गुरुवार सुबह बिजली कंपनी की डीपी में आग लग गई। सूचना पर पहुंची नायब 112 की टीम ने अग्निशमन यंत्र से आग बुझाई। डीपी के नीचे कचरा और पास में वाहन खड़े थे। रहवासी आशिक हुसैन के अनुसार, 15 से 20 दिन पहले ही क्षेत्र में मेंटेनेंस हुआ था। घटना के बाद बिजली अधिकारियों से संपर्क नहीं हो सका।

सिंहस्थ के लिए मोहनपुरा स्टेशन पर बनेंगे तीन प्लेटफॉर्म

उज्जैन। सिंहस्थ में यात्रियों की भीड़ संभालने के लिए रेलवे मोहनपुरा और पंवासा में नए स्टेशन तैयार कर रहा है। मोहनपुरा स्टेशन पर तीन प्लेटफॉर्म बनाए जाएंगे, जिससे श्रद्धालुओं को मुख्य स्टेशन तक आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। प्लेटफॉर्म नंबर एक का बेस तैयार हो चुका है और शेड लगाने का काम शुरू है। प्लेटफॉर्म दो और तीन का करीब 40 प्रतिशत काम पूरा हो गया है।

हादसे के 13 महीने बाद संस्कृति के हाथ में लौटी हलचल

इंदौर। एरोड्रम रोड एक हादसे में घायल संस्कृति वर्मा की मुंबई के सांघे हॉस्पिटल में शल्यचिकित्सा हुई। डॉक्टरों ने पैर की नस हाथ में लगाई और कमर से मांस लेकर उपचार किया। सर्जरी के बाद हाथ ने सूजना शुरू हुआ है। हादसे के बावजूद संस्कृति ने तीन महीने पढ़ाई कर 12वीं में 72 प्रतिशत अंक अर्जित किए। अब उसे डॉक्टरी बन कर रही है और सीए बनना चाहती है।

धीमी रफ्तार पर अब आवाज करेंगे इलेक्ट्रिक वाहन

भोपाल। इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा के लिए एक अक्टूबर से नए मॉडलों में ध्वनि प्रेक्षपण प्रणाली अनिवार्य की गई है। एआईएस-173 मानक के तहत वाहन 0 से 20 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पर स्वतः आवाज निकालेंगे। भोपाल में इस नियम के बाद 173 नए चार पहिया ईवी सड़क पर आए हैं। आरटीओ के अनुसार, नियम को बंद करने का विकल्प नहीं दिया गया है।

कामकाज की निगरानी शुरू होते ही सफाईकर्मियों की हड़ताल

भोपाल। राजधानी में सफाईकर्मियों की हड़ताल से कई इलाकों में कचरे के ढेर लग गए हैं। कर्मचारी नियमितीकरण सहित चार मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। सोमवार से नगर निगम ने कर्मचारियों की उपस्थिति और काम की निगरानी के लिए नई व्यवस्था लागू की थी।

बड़ा फैसला **अब वास्तविक हिरासत से शुरू होगी 24 घंटे की गिनती**

औपचारिक गिरफ्तारी दर्ज करने में देरी कर समय-सीमा नहीं बढ़ा सकती

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया- औपचारिक गिरफ्तारी दर्ज करने में देरी कर समय-सीमा नहीं बढ़ा सकती पुलिस, मजिस्ट्रेट को भी जांचना होगा हिरासत का समय

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी और पुलिस हिरासत को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि किसी व्यक्ति को मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने की 24 घंटे की संवैधानिक समय-सीमा उसकी औपचारिक गिरफ्तारी से नहीं, बल्कि वास्तविक रूप से हिरासत में लिए जाने के समय से शुरू होगी। कोर्ट ने पुलिस किसी व्यक्ति की हिरासत पर रोक लगाने के बाद गिरफ्तारी दर्ज करने में देरी कर 24 घंटे की अवधि को बढ़ा नहीं सकती। यदि किसी व्यक्ति को कोर्ट के सामने लाने में देरी हुई है, तो उस अवधि को भी संवैधानिक समय-सीमा में शामिल करना होगा।



समय भी 24 घंटे में शामिल

पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 22(2) के तहत 24 घंटे की अवधि की गणना उस समय से होगी, जब व्यक्ति की व्यक्तिगत स्वतंत्रता वास्तव में सीमित की गई। पुलिस रिकॉर्ड में गिरफ्तारी दर्ज करने का समय इसका आधार नहीं हो सकता। यदि किसी व्यक्ति को औपचारिक गिरफ्तारी से पहले हिरासत में रखा गया है, तो उस अवधि को भी संवैधानिक समय-सीमा में शामिल करना होगा।

पूछताछ, जांच और तलाशी में लगा

कानून के तहत किसी व्यक्ति को गिरफ्तारी के समय या तुरंत बाद गिरफ्तारी के आधार बताने होते हैं। कोर्ट ने कहा कि यह प्रक्रिया केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति को अपने बचाव का अधिकार देने से जुड़ी है। इसलिए गिरफ्तारी के आधार बताने में देरी को भी हिरासत की अवधि में जोड़ा जाएगा।

"मजिस्ट्रेट को दर्ज करना होगा वास्तविक समय"

सुप्रीम कोर्ट ने मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी भी स्पष्ट की। आरोपी को पेश किए जाने पर मजिस्ट्रेट को यह दर्ज करना होगा कि उसकी गिरफ्तारी किस तारीख और समय से दर्ज की गई थी। इसके बाद संबंधित रिमांड की जांच करेंगे कि 24 घंटे के भीतर पेश करने के नियम का पालन हुआ या नहीं। यदि हिरासत अनुचित रूप से लंबी रही है, तो फरियादी आगे रिमांड देने से इनकार कर सकता है।

हिरासत की अवधि भी होनी चाहिए उचित"

अदालत ने कहा कि केवल 24 घंटे के भीतर पेश करना पर्याप्त नहीं है, हिरासत की अवधि भी परिस्थितियों के अनुसार उचित होनी चाहिए। इसके लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 58 का उल्लेख किया गया। इसके तहत बिना वारंट हिरासत व्यक्ति को मजिस्ट्रेट के विशेष आदेश के बिना, थाना के साधारण लॉग को छोड़कर, 24 घंटे से अधिक हिरासत में नहीं रखा जा सकता।

ओडिशा, मद्रास और केरल हाईकोर्ट के फैसले खारिज

यह फैसला सुप्रीम कोर्ट द्वारा ओडिशा, मद्रास और केरल हाईकोर्ट के उन फैसलों को खारिज करते हुए आया है, जिनमें कहा गया था कि गिरफ्तारी दर्ज करने में देरी से आरोपी को हिरासत में लिए जाने की तारीख से 24 घंटे की अवधि की गणना की जाएगी। इन फैसलों के खिलाफ अपील की गई थी।

पूछताछ, जांच और तलाशी में लगा समय भी 24 घंटे में शामिल

कोर्ट ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 22(2) के तहत 24 घंटे की अवधि की गणना उस समय से होगी, जब व्यक्ति की व्यक्तिगत स्वतंत्रता वास्तव में सीमित की गई। पुलिस रिकॉर्ड में गिरफ्तारी दर्ज करने का समय इसका आधार नहीं हो सकता। यदि किसी व्यक्ति को औपचारिक गिरफ्तारी से पहले हिरासत में रखा गया है, तो उस अवधि को भी संवैधानिक समय-सीमा में शामिल करना होगा।

ओडिशा, मद्रास और केरल हाईकोर्ट के फैसले खारिज

यह फैसला सुप्रीम कोर्ट द्वारा ओडिशा, मद्रास और केरल हाईकोर्ट के उन फैसलों को खारिज करते हुए आया है, जिनमें कहा गया था कि गिरफ्तारी दर्ज करने में देरी से आरोपी को हिरासत में लिए जाने की तारीख से 24 घंटे की अवधि की गणना की जाएगी। इन फैसलों के खिलाफ अपील की गई थी।

घटनास्थल पर पहुंचा आरोपी, पुलिस ने कराया सीन रीक्रिएशन

केयरटेकर ने कबूला- 10 से 20 लाख रुपए लूटने आया था

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

रिटायर्ड आईएएस अधिकारी राकेश अग्रवाल की हत्या के मामले में गिरफ्तार केयरटेकर वरुण बाल्मीकि ने पूछताछ में कई अहम खुलासे किए हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने बताया कि वह घर से 10 से 20 लाख रुपए लूटने के इरादे से पहुंचा था, लेकिन वहां रहने में देरी को लेकर हुई झड़प से भावुक होकर उसने हत्या कर दी।

गुरुवार को पुलिस आरोपी को घटनास्थल पर ले गई और वारदात का सीन रीक्रिएट कराया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया गया ब्लेड भी बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक, 30 सितंबर की रात वारदात के बाद वह सुबह 4:52 बजे ट्रेन से भोपाल से फरार हो गया था।

नेम प्लेट देखकर बनाया था घर को निशाना

पुलिस को अनुसार, वरुण ने राकेश अग्रवाल के घर की नेम प्लेट देखकर पहले बड़ी रकम मिलने का अनुमान लगाया था।



इसी उम्मीद में उसने केयरटेकर की नौकरी की थी। हत्या के बाद वह अलमारी से 1200 अमेरिकी डॉलर लेकर फरार हुआ था।

ठांठ के बाद वारदात को दिया अंजाम

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे देने में देरी पर वह उसके 12 घंटे तक बराबर लगाई गई थी। इसके लगभग दो घंटे बाद उसने चाकू से हत्या की। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने घर में गैस सिलेंडर का पाइप खोलने और बैग भरने जैसी भी काम भी छोड़कर जाने की कोशिश की है।

पुलिस ने घर वालों से संपर्क के बाद उसे आगरा से गिरफ्तार किया था। कमरी के पीछल का प्लास्टिक की बोतलें बेचकर गुजारा करता था। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि कहीं वे उसकी मदद तो नहीं की।

धनतेरस पर प्रदेश के बाजारों में बरसेगा धन, भोपाल में 1000 करोड़ के कारोबार का अनुमान

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों की मांग बढ़ी, त्योहार के साथ शादी की खरीदारी से भी बाजार में रौनक'



धनतेरस के साथ शुक्रवार से पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरुआत हो रही है। भोपाल सहित प्रदेश के प्रमुख शहरों में बाजार सजकर तैयार हैं। राजधानी भोपाल में इस बार एक हजार करोड़ रुपए से अधिक के कारोबार का अनुमान है। वाहन, सराफा, प्रॉपर्टी और इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में सबसे ज्यादा रौनक रहने की उम्मीद है। त्योहार के साथ शादी की खरीदारी भी बाजार को गति दे रही है।

भोपाल में धनतेरस पर करीब 2500 कारें और 7000 से अधिक दोपहिया वाहन बिकने का अनुमान है। पहले से ही बड़ी संख्या में बुकिंग हो चुकी है। सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग बढ़ी है। पिछले साल धनतेरस के करीब 800 करोड़ रुपए का ऑटोमोबाइल कारोबार हुआ था, जबकि इस बार वाहन कारोबार ही 225 से 250 करोड़ रुपए तक पहुंचने की संभावना है। प्रॉपर्टी और ज्वैलरी की खरीदारी में भी तेजी रहने का अनुमान है। भोपाल पर 500 से अधिक प्रॉपर्टी रजिस्ट्रियां होने की उम्मीद है।

इंदौर में करीब 1200 करोड़, जबकि ग्वालियर में 700 से 800 करोड़ रुपए के कारोबार का अनुमान लगाया गया है। उज्जैन में सर्राफा बाजार में 100 करोड़ रुपए तक की बिक्री की संभावना है। रतलाम ज्वैलरी और ऑटो कारोबार के लिए भी बड़ा केंद्र माना जा रहा है। जबलपुर में भी सराफा बाजार में 120 करोड़, कटनी बाजार में 12 करोड़ और सिंगल एस्टेट में करीब 80 करोड़ रुपए के कारोबार की उम्मीद है। इस तरह धनतेरस पर प्रदेश के शहरी में चालू सोना-चांदी, बर्तन और संपत्ति की खरीदारी से कारोबारी में उत्साह बना हुआ है।

13 हजार कर्मचारी काम से दूर, 400 से ज्यादा कचरा गाड़ियां खड़ी

डीआर संवाददाता॥ भोपाल।



नगरनिगम में सफाईकर्मियों की हड़ताल से कई शहरों की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। राजधानी भोपाल में करीब 13 हजार कर्मचारी दो दिन से काम बंद कर हड़ताल पर हैं। शुक्रवार को हड़ताल और तेज होने की संभावना है। कर्मचारियों ने वेतन 10,500 से बढ़ाकर 25 हजार रुपए करने, अनुकंपा नियुक्ति रहीित नहीं मांगें रखी हैं। साथ ही उपस्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़े कर्मचारियों ने शुक्रवार को पानी की सप्लाई रोकने की चेतावनी दी है।

अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष गणपतलाल प्रजापति के अनुसार, भोपाल में 7 हजार सफाईकर्मी और करीब 6 हजार अन्य कर्मचारी हड़ताल में शामिल हैं। इनमें कम्प्यूटर ऑपरेटर, कार्यालय कर्मचारी, जलप्रदाय, फायर और अन्य विभागों के कर्मचारी शामिल हैं। हड़ताल से नगर निगम मुख्यालय, सभी 85 वार्ड और 21 जोन का काम प्रभावित है।

शहर में लगातार दूसरे दिन कचरा नहीं उठा। सड़कों और बाजारों में कचरे के ढेर लग गए हैं। वार्ड से कचरा उठाने वाली 400 से अधिक वाहियां गार्बेज स्टेशनों पर खड़ी हैं। सामान्य दिनों में भोपाल से रोज करीब 850 टन कचरा निकलता है।

आंदोलन से कहा कि अब कर्मचारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात के बाद ही हड़ताल पर चौराहा लेंगे। शुक्रवार से पानी की सप्लाई प्रभावित होने की आशंका है। सफाई में 2.30 लाख से अधिक नल कनेक्शन हैं।

आईपीएस अनुराग सुजानिया ने दिया इस्तीफा, गृह विभाग पहुंची फाइल

डीआर संवाददाता॥ भोपाल



मध्यप्रदेश पुलिस के 2014 बैच के आईपीएस अधिकारी और सागर के पूर्व पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया ने नौकरी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने 2 नवंबर को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को अपना त्यागपत्र सौंपा था। इसके बाद इस्तीफे की फाइल आगे की कार्यवाई के लिए गृह विभाग भेज दी गई है। हालांकि, शासन स्तर से अभी इसे मंजूरी नहीं मिली है।

सूत्रों के अनुसार, सुजानिया दिल्ली-एनसीआर में बसने की तैयारी कर रहे हैं। वहां वे अपने एक मित्र की आर्टिस्ट कंपनी में साझेदार के रूप में जुड़ सकते हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस सेवा छोड़कर निजी क्षेत्र में जाने की योजना वे पिछले करीब एक साल से बना रहे थे। इसीलिये के विवेचित में उन्होंने अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय कुमार शुक्ला से मुलाकात भी की थी। इस दौरान उन्होंने व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया। गौरतलब है कि पिछले महीने सागर जिले में गांजरोली इलाके से 20 से अधिक लोगों की मौत के बाद 27 अक्टूबर को सुजानिया को एसपी पद से हटाकर पुलिस मुख्यालय से एआईजी के पद पर पदस्थ किया गया था। इसके कुछ दिन बाद ही उन्होंने इस्तीफा सौंप दिया। राजस्थान मूल के अनुराग सुजानिया ने इंजीनियरिंग में बीटेक और एमटेक की पढ़ाई की है। इस साल मध्यप्रदेश में अब तक तीन आईपीएस अधिकारियों ने सेवा छोड़ने की बात सामने आई है।

सोशल मीडिया कंपनियों की कानूनी छूट खत्म करने पर विचार

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

केंद्र सरकार फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और एक्स जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को मिलने वाली कानूनी सुरक्षा पर पुनर्विचार कर रही है। सरकार आईटी एक्ट की धारा 79 के तहत मिलने वाली रेगिंग हार्बर छूट को खत्म करने पर विचार कर रही है। इस प्रावधान के तहत कुछ शर्तों के साथ कंपनियों को गुजरात की पोस्ट, वीडियो और अन्य सामग्री के लिए कानूनी जिम्मेदारी से संरक्षण मिलता है।

सरकारी अधिकारियों के अनुसार, सोशल मीडिया कंपनियां अब केवल उद्देश्य पहुंचाने का माध्यम नहीं रह गई हैं। उनके एल्गोरिदम तय करते हैं कि यूजर्स को क्या प्रतिक्रिया लोगों तक पहुंचेगी और किसे कम दिखाया जाएगा। ऐसे में कंपनियों को जवाबदेही तय करने की जरूरत महसूस की जा रही है। प्रस्ताव के तहत कानूनी सुरक्षा केवल उन संवादों तक सीमित हो सकती है, जो बिना किसी बदलाव के संदेश पहुंचाते हैं।

इसके अलावा डीपफेक और बिना सहमति साझा की गई आपत्तिजनक तस्वीरों व वीडियो को जल्द हटाने के लिए भी नई व्यवस्था बनाने पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, इस संबंध में अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है।

इसी बीच दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मेटा के फेसबुक और इंस्टाग्राम प्लेटफॉर्म्स पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी कथित सामग्री प्रसारित होने के मामले में एफआईआर दर्ज की है।

मध्यप्रदेश में रातें हुईं ठंडी, पारा 1. 5 डिग्री गिरा

भोपाल। मध्यप्रदेश में न्यूनतम तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट से रात में ठंड बढ़ गई है। शाजापुर के सिरपुर में प्रदेश का सबसे कम 11.9 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। इंदौर में 12.7 और भोपाल में 13. 5 डिग्री रहा। दिन के तापमान में भी 2 से 3 डिग्री की कमी आई है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार दिनों तक आंशिक-बादिश की संभावना नहीं है। कुछ इलाकों में बादल छा सकते हैं। नवंबर के दूसरे सप्ताह से ठंड बढ़ेगी और 15 नवंबर से बाद इसका असर ज्यादा महसूस होगा।

दीपोत्सव दीपोत्सव की तैयारियां पूरी, सोने-चांदी के आभूषणों और विशेष पोशाकों से सजेगा मंदिर परिसर

धनतेरस पर मंदिरों में होगा देवी-देवताओं का भव्य श्रृंगार, 5001 दीपों से जगमगाएगा शिवालय

डीआर संवाददाता॥ भोपाल



पांच दिवसीय दीपोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को धनतेरस के साथ होगा। पर्व को लेकर शहर के बाजारों के साथ प्रमुख मंदिरों में भी विशेष तैयारियां की गई हैं। मंदिरों में भगवान धनवंतरी, कुबेर, माता लक्ष्मी और अन्य देवी-देवताओं का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। विशेष पूजन, महाअभिषेक और दीपोत्सव के आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

करुणधाम आश्रम ने धनतेरस से आठ दिवसीय दीपोत्सव मनाया जाएगा। यहां मां महालक्ष्मी का दक्षिण भारतीय शैली की पोशाक से विशेष श्रृंगार होगा। भगवान बटेश्वर और मां गौरा को भी आकर्षक रूप से सजाया जाएगा। इसके श्रृंगार में करीब ढेड़ किलो सोने-चांदी के आभूषणों का उपयोग होगा। इसके अलावा 11 लाख रुपये के नोटों से विशेष सजावट की जाएगी।

बिरला मंदिर में भगवान लक्ष्मी-नारायण को अहमदाबाद से मंगाई गई विशेष पोशाक धारण कराई जाएगी। धनवान को करीब 60 लाख रुपये के नए सोने के आभूषण भी अर्पित किए जाएंगे। उसेसपुरा स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में धनतेरस पर विशेष पूजन और महाअभिषेक होगी।

बड़ी बड़कले महादेव मंदिर सेवा समिति की ओर से शुक्र प्रयोग और धनतेरस के अवसर पर धन्वंतरी धनवंदरी, शुक्रेर, माता लक्ष्मी, मां गौरा और बल बटेश्वर का जलाभिषेक, नए कोरो और फूलों से श्रृंगार किया जाएगा। शिवालय के 5001 दीपों से रोशन किया जाएगा। करीब 10 वर्ष दीपोत्सव मनाया जाएगा।

मां वैष्णो धाम आश्रमों में दुर्गा मंदिर और बाबा खाटू श्याम मंदिर, खोटीमा एलाज सांतय दोटी नगर में भी श्रीवत्सी पर विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। यहां मां लक्ष्मी के 1008 नामों से सहस्रार्चन और 21 किलो घरे के श्रीयंत्र से जुड़ा आयोजन आकर्षण का केंद्र रहेगा।

मंदिरों में सीमित श्रद्धालुओं और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। पुलिसकर्मियों के साथ निजी सुरक्षा गार्ड भी तैनात रहेंगे।

धनतेरस पर गांवों में रजिस्ट्री अभियान

मंत्री, सांसद और विधायक गांवों में पहुंचकर कराएंगे प्रक्रिया पूरी, अब

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर धनतेरस वाली 6 नवंबर को प्रदेशभर में मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना के तहत विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसमें आदर्श मंडी, सांसद और विधायक गांवों में पहुंचकर स्वामित्व की शत-प्रतिशत रजिस्ट्री कराने की प्रक्रिया पूरी कराएंगे। जनप्रतिनिधि अपने पैतृक गांव या पसंद के किसी अन्य गांव में जाकर रजिस्ट्री की कार्यवाई अपनी मौजूदगी में कराएंगे। इसके बाद संबंधित गांवों में कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि ये स्थानीय सांसदों और विधायकों के साथ अधिक से अधिक गांवों में पहुंचें। प्रशासनिक अमले को भी अभियान में सक्रिय रहने के लिए कहा गया है। योजना में बेहतर काम करने वाले पटवारियों और तहसीलदारों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि उल्लेखनीय उपयोग करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को अगामी 26 जनवरी को सम्मानित किया जाए। उनकी उपलब्धियों का रिकॉर्ड रखने के साथ सर्टिफिकेट भी मेरिट के आधार पर दिए जाएंगे।योजना के तहत प्रदेश में अब तक 16 लाख से अधिक रजिस्ट्रियां पूरी हो चुकी हैं। सरकार ने 15 नवंबर तक 20 लाख रजिस्ट्रियां पूरी करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

मुरैना के ग्राम करुआ जाएंगे सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को मुरैना जिले के ग्राम करुआ पहुंचेंगे। यहां वे योजना के हितग्राहियों से संवाद करेंगे और दावेदारों को पट्टे के साथ आवास बनाने की प्रक्रिया में शामिल होंगे। योजना के तहत सभी आवासों बेड के साथ पक्षियों को आकर्षित करने और सहलिया सखी उपस्थित रहे थे। इससे उन्हें अपनी उपज पर कानूनी अधिकार सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

डीआर सीहोर

02

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर कार्तिक कृष्ण पक्ष 12- 2083 सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 06 नवम्बर 2026

न्यूज गैलरी

राजस्व मंत्री आज सोहनखेड़ा आएंगे

सीहोर। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 6 नवंबर को दोपहर 12 बजे भोपाल से सीहोर के लिए प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 1 बजे इछावर तहसील के ग्राम सोहनखेड़ा पहुंचकर धनतेरस के अवसर पर स्वामित्व अधिकार अभिलेख निर्माण एवं पंजीयन योजना 2026 के तहत पात्र परिवारों के सत-प्रतिशत पंजीयन की कार्यवाही अपनी उपस्थिति में पूर्ण कराएंगे।

तीन आबकारी आरक्षकों को किया निलंबित

देवास। अवैध शराब के निर्माण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण नहीं रखने एवं कार्य में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर नेहा मीना ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम–9 के अंतर्गत आबकारी वृत्त देवास (स) में पदस्थ आबकारी मुख्य आरक्षक दीपक टटवाडे, आबकारी मुख्य आरक्षक बालकृष्ण जानस्यात्था तथा आबकारी मुख्य आरक्षक गजेन्द्र सिंह चौहान को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय सहायक आबकारी आयुक्त, जिला देवास निर्धारित किया गया है।

आबकारी विभाग ने कार्रवाई की

देवास। आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन, विक्रय एवं भण्डारण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कुमार को सहायक आबकारी आयुक्त द्वारा गठित आबकारी दलों ने देवास शहर में संदिग्ध स्थानों पर सर्चिंग कर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान 15 लीटर हल्की भट्टी मदिरा एवं 2500 किलोग्राम गहूआ लाहन बरामद किया गया। इस संबंध में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के तहत कुल 5 प्रकरण दर्ज किए गए। जब्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 2 लाख 87 हजार रुपए है।

दौरान राजस्व मंत्री आज सोहनखेड़ा पहुंचेंगे

सीहोर। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 6 नवंबर को दोपहर 12 बजे भोपाल से सीहोर के लिए प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 1 बजे इछावर तहसील के ग्राम सोहनखेड़ा पहुंचकर धनतेरस के अवसर पर स्वामित्व अधिकार अभिलेख निर्माण एवं पंजीयन योजना 2026 के तहत पात्र परिवारों के सत–प्रतिशत पंजीयन की कार्रवाही अपनी उपस्थिति में पूर्ण कराएंगे।

धनतेरस: जनप्रतिनिधि की मौजूदगी में होंगे पंजीयन

सीहोर धनतेरस के शुभ अवसर पर प्रदेश के मंत्री, सांसद एवं विधायक अपने पैतृक गांव अथवा अपनी पसंद के किसी एक गांव में उपस्थित होकर योजना के तहत पात्र परिवारों के स्वामित्व दस्तावेजों का सत–प्रतिशत पंजीयन अपनी मौजूदगी में पूर्ण कराएंगे। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों से तत्काल समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने जारी की गाइडलाइन

सीहोर। पंडालों और रास्तों के दौरान पटाखों से होने वाली दुर्घटनाओं एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की रोकथाम के लिए लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सभी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा निजिक संस्थाओं को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देश

धनतेरस धनतेरस पर आज बाजारों में होगी धनवर्षा, खरीदारों के स्वागत को व्यापारियों ने सजाई दुकानें

सर्राफा, गांधी रोड, मेन रोड और बड़ा बाजार में उमड़ेगी भीड़

डीआर संवाददाता»सीहोर



पांच दिवसीय दीपोत्सव का आगाज आज धनतेरस के साथ होगा। पर्व को लेकर शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। जिला मुख्यालय के गांधी रोड, सर्राफा बाजार, गैस रोड, बड़ा बाजार और नमक कोठार क्षेत्र में व्यापारियों ने ग्राहकों के स्वागत के लिए दुकानें सजा ली हैं। आभूषणों से लेकर कॉस्मेटिक, इलेक्ट्रॉनिक सामान, वाहनों और दीपावली की सजावटी सामग्री तक की दुकानों पर विशेष तैयारियां की गई हैं। व्यापारियों को उम्मीद है कि धनतेरस पर अच्छी खरीदारी होगी और बाजार में कारोबार को गति मिलेगी।

गौ संस्कृति और ऑनलाइन खरीदारी के बढ़ते चलन के बावजूद धनतेरस पर परंपरागत बाजारों की अहमियत बरकरार है। सोने–चांदी के भाव ऊंचे स्तर पर होने के कारण इस बार खरीदारी में कमी आ सकती है, लेकिन शुभ अवसर पर कुछ नया खरीदने की परंपरा लोगों को बाजार तक खींचेगी। सर्राफा बाजार में सोने–चांदी के आभूषणों के साथ सिक्कों की मांग रहेगी, वहीं गहना और रत्नाभूषण आय वर्ग के परिवार वर्तन, बरतन, उपयोग की वस्तुएं और पूजा सामग्री खरीदने पहुंचेंगे।

छोटे दुकानदारों को भी अच्छी ग्राहकी की उम्मीद

धनतेरस और दीपावली को लेकर छोटे दुकानदारों तथा फेरी–विक्रेताओं ने भी खास तैयारी की है। मिट्टी के दीये, खील, लक्ष्मी–गणेश की प्रतिमाएं, तोरण, झोरण और रंगोली के रंगों की दुकानें सज गई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले खरीदारों को देखते हुए नमक चौराहा क्षेत्र में पंडुली के सजावटी सामान, घुंघरू और मालाओं की बिक्री की तैयारी भी की गई है। यही अतिरिक्त पार्किंग व्यवस्था की जाएगी।

धनतेरस पर समाविष्ट भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने भी व्यवस्था बनाई है। गैस रोड पर चार–पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। बाजार में भीड़ का दबाव बढ़ने पर दोपहिया वाहनों की आवाजाही भी रोकी जाएगी, ताकि पैदल खरीदारी करने आने वाले लोगों को परेशानी न हो।

धनतेरस और लक्ष्मी पूजन के शुभ मुहूर्त

सरकारी ज्योतिष अनुसंधान एवं पंचांग केंद्र के ज्योतिषाचार्य पंडित गोपाल शर्मा के अनुसार 6 नवंबर को सुबह 10.30 बजे तेरहवीं तिथि प्रारंभ होगी, जिसका समापन 7 नवंबर सुबह 10.47 बजे होगा। प्रदोष काल का मुहूर्त शाम 5.02 से रात 7.57 बजे तक तथा प्रदोष काल शाम 5.33 से रात 8.08 बजे तक रहेगा। पंचांगों के अनुसार गुरुवार 11.36 से दोपहर 12.24 बजे और शाम को फिर शाम 5.10 से रात 8.17 बजे तक अमृत योग है।

सीहोरी एवं लक्ष्मी पूजन के लिए मुख्य मुहूर्त शाम 5.51 से रात 7.51 बजे तक रहेगा। प्रदोष काल शाम 5.31 से रात 8.06 बजे तक और महानिशीथ मुहूर्त का समय रात 11.28 से 12.31 बजे तक रहेगा। व्यापारियों के अनुसार गुरुवार और व्यापारियों के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन लक्ष्मी पूजन शुभ फलदायी होता है।

बाजार में वाहनों की एंट्री पर प्रतिबंध

धनतेरस पर समाविष्ट भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने भी व्यवस्था बनाई है। गैस रोड पर चार–पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। बाजार में भीड़ का दबाव बढ़ने पर दोपहिया वाहनों की आवाजाही भी रोकी जाएगी।

तेज रफ्तार डंपर ने 4 से 5 गायों को कुचला, सड़क किनारे बिखरे शव

डीआर संवाददाता»गैरतगंज।



गुरुवार तड़के तेज रफ्तार भारी वाहन बेखौफ पशुओं के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। सुबह करीब साढ़े 4 से 5 गायों को तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया। हादसे में गायों की मौत हो गई और उनके शव सड़क किनारे बिखर गए। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा–तफरी का माहौल है।

सूचना मिलते ही जिला हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला मंत्री रामू जाट और गजेंद्र बंजारा मौके पर पहुंचे। उन्होंने डंपर को रुकवाया और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद गैरतगंज थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल से जुड़े कार्यकर्ताओं ने घटनास्थल से लेकर गैरतगंज–भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग–46 के किलोमीटर क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक ने भेड़ों के झुंड को कुचल दिया था। इस हादसे में 78 भेड़ों की मौत हो गई थी, जबकि 34 गंभीर रूप से घायल हुई थीं। दुर्घटना में राजस्थान के धरवाड़ जिले निवासी 9 लाख रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ था। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं से यह साफ हो गया है कि भारी वाहनों की गति और निगरानी व्यवस्था पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

दो दिन पहले ट्रक ने 78 भेड़ों को कुचला था

भारी वाहनों से पशुओं के हादसे का यह दूसरा मामला है। 4 नवंबर को दुलारसी–जौरे के पुलिस थाना क्षेत्र नेशनल हाईवे–46 के सिंहपाट क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक ने भेड़ों के झुंड को कुचल दिया था। इस हादसे में 78 भेड़ों की मौत हो गई थी, जबकि 34 गंभीर रूप से घायल हुई थीं। दुर्घटना में राजस्थान के धरवाड़ जिले निवासी 9 लाख रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ था। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं से यह साफ हो गया है कि भारी वाहनों की गति और निगरानी व्यवस्था पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

एलन मस्क ने दूसरी बार रीपोस्ट की सीहोर के शुभम साबू की पोस्ट,

डीआर संवाददाता»सीहोर

नया प्रदेश के सीहोर के युवा तकनीकी विशेषज्ञ शुभम साबू की प्रतिभा को एक बार फिर वैश्विक पहचान मिली है। दुनिया के प्रमुख टेक उद्योगपतियों में शामिल एलन मस्क ने लगातार दूसरी बार शुभम की सोशल मीडिया पोस्ट को अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से रीपोस्ट किया है। शुभम पुत्र विधायक स्वर्गीय सत्यनारायण साबू के पोते और लक्ष्मीनारी दुर्गेश साबू के पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से सीहोर का नाम अंतरराष्ट्रीय तकनीकी जगत में चर्चा में आया है। जानकारी, शुभम ने बताया कि वे एलन मस्क की कंपनी हाल ही विकसित एआई चैटबोट ग्रोक का इस्तेमाल करने के बाद अपना अनुभव साझा किया था। उन्होंने अपनी पोस्ट में ग्रोक को व्यक्तिगत एआई एजेंट के रूप में उपयोगी बताते हुए बाजार में उपलब्ध अन्य विकल्पों की तुलना में बेहतर और सटीक बताया। शुभम की इस पोस्ट पर एलन मस्क ने प्रतिक्रिया देते हुए इसे दीपावली दिवस और लोगों को शीघ्र एवं इस्तेमाल करने का सुझाव दिया। इसके बाद पोस्ट को सोशल मीडिया पर व्यापक प्रतिक्रिया मिली और इसे 3 लाख 40 हजार से अधिक व्यूज मिले।

एक महीने में दूसरी बार पोस्ट साझा की

एलन मस्क द्वारा शुभम की पोस्ट साझा करने का यह पहला मामला नहीं है।

घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करने वाले 10 प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई

डीआर संवाददाता»सीहोर



कलेक्टर श्री बलवीर कुमार यादव के निर्देशानुसार जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग एवं व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने के लिए खाद्य विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सीहोर खाद्यनिरीक्षक श्री अंकित सिंह एवं लगिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री आकाश चंदेल ने सीहोर नगर के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान होटलानों एवं होटलों में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग किया जाना पाया गया। इस पर हवित पेट्रोलियम गैस (आपूर्ति एवं वितरण विनियमन) अधिनियम, 2000 के तहत कलेक्टर कोर्ट द्वारा कुल 10 प्रतिष्ठानों से 12 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। खाद्य विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग नियमों के विरुद्ध है।

इस प्रकार के दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए जिले में होटल, भोजनालयों एवं अन्य प्रतिष्ठानों की जांच और कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

आज से मनाया जाएगा कुबेरेश्वरधाम में दीपावली महोत्सव

डीआर संवाददाता»सीहोर



जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम में दीपावली का पर्व 55 वर्ष की अवस्था, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। शुक्रवार को धनतेरस पर भगवान का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इसके अलावा श्रमिक को छोटी दीपावली, रविवार को लक्ष्मी कुबेर पूजा के अवसर सोमवार को गोवर्धन पूजन आदि का आयोजन किया जाएगा। दीपोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर हजारों दीपों की रोशनी से जगमगाएगा। वहीं, आगामी 8 नवंबर को बाबा कुबेर भंडारी का अभिषेक–पूजन और सजाना पूजन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। पर्व को लेकर अंतरराष्ट्रीय अधिवाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में वैदालेश सेवा समिति और श्रद्धालुओं द्वारा तैयारियां की गई हैं।

दीपावली के मद्देनजर मंदिर परिसर को आकर्षक रंग–बिरंगी रोशनी से सजाया जाएगा। दीप पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मिट्टी की कला और पारंपरिक दीपों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रसिद्ध पंडित प्रदीप मिश्रा ने कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालु ग्राम पहुंचकर दीप प्रज्ज्वलित करते हैं। इस वर्ष भी दीपोत्सव को भेजने धनने की तैयारियां चल रही हैं। कार्तिक मास में कुबेरेश्वरधाम में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य सदस्यों के सहयोग से श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरित की जा रही है। दीपावली के साथ गोवर्धन पूजा और भाई–दूज महोत्सव पांच दिवसीय दीप पर्व पर विशेष पूजा–पाठ और धार्मिक गतिविधियां होंगी।

अन्नकूट महोत्सव में हजारों भक्तजन को पकवानों का भोग

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनीज दीक्षित मन्ना ने बताया कि दीपावली पर्व के अवसर पर अन्नकूटी दिवसे में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा।

अहमदपुर और श्यामपुर में सोयाबीन 7,340 रुपए क्विंटल बिका, सीहोर में लहसुन 18,550 रुपए

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले की कृषि उपज मंडियों में 5 नवंबर को सोयाबीन के भाव में तेजी बनी रही। अहमदपुर और उमामण्डू मंडी में सोयाबीन का अधिकतम भाव 7,340 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। अहमदपुर में मॉडल भाव 6,901 रुपए और श्यामपुर में 6,795 रुपए रहा।

सीहोर मुख्य मंडी में कुल 11,575 क्विंटल आवक दर्ज की गई। यहां पीला सोयाबीन 7,006 रुपए अधिकतम और 6,951 रुपए मॉडल भाव पर बिका। मक्का का अधिकतम भाव 2,851 रुपए, गेहू शरबती 4,901 रुपए, चना सफेद 7,200 रुपए और धनिया 14,100 रुपए प्रति क्विंटल रहा। फल–सब्जी गंडी में लहसुन के 1,026 क्विंटल आवक हुई। इसका अधिकतम भाव 18,550 रुपए और मॉडल भाव 10,800 रुपए रहा। प्याज 4,386 रुपए अधिकतम भाव पर बिका।

दीपावली पर मंडियों में अवकाश

श्यामपुर मंडी 9 से 11 नवंबर तक बंद रहेगी और 12 नवंबर को खुलेगी। कुबेर मंडी दि 5 से 12 नवंबर तक अवकाश रहेगा। किसान उपज लेकर जाने से पहले मंडी खुलने की स्थिति की जानकारी अवश्य लें।

रात में सर्दी शुरू

श्यामपुर। दिन में धूपी व रात के समय हल्की सर्दी का एहसास लोगों को लगने लगा है

दीपावली पर छोटेव्यापारियों को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस रातौर की बड़ी सौगात,

दीपावली के सामान बेचने वाले छोटेव्यापारियों को मिलेगी राहत, सड़क किनारे दुकान लगाने वाले व्यापारियों से नहीं ली जाएगी शुल्क

डीआर संवाददाता»सीहोर



दीपावली के पावन पर्व को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस रातौर ने शहर के छोटे व्यापारियों और फुटपाथ पर दीपावली का सामान बेचकर अपने परिवार का भरण–पोषण करने वाले लोगों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल की है। नगर पालिका अध्यक्ष ने दीपावली के अवसर पर सड़क किनारे और निर्धारित स्थानों पर दीपावली का सामान बेचने वाले छोटे व्यापारियों को आर्थिक राहत देने का निर्णय लिया है।

इस पहल के तहत दीपावली का सामान बेचने वाले छोटे व्यापारियों से पंडाल के दौरान बैठकर शुल्क नहीं लिया जाएगा। इससे उन छोटे व्यापारियों को आर्थिक राहत मिलेगी, जो दीपावली के अवसर पर मिट्टी के दीपक, रंगबिरंगी रंगोली, पूजन सामग्री, फूल–माला, खीलों सहित अन्य अस्थायी सामान बेचकर अपनी आजीविका चलाते हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस रातौर ने कहा कि दीपावली खुशियों, उल्लास और आपसी प्रेम का पर्व है। इस त्योहार हर वर्ग के जीवन में खुशियां लेकर आए, यही हमारा प्रयास है। छोटे व्यापारी हमारी अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। दीपावली के अवसर पर वे व्यापारी दिन–रात मेहनत कर अपने परिवार का पालन–पोषण करते हैं। ऐसे में नगर पालिका का दायित्व है कि उन्हें त्योहार के समय अनावश्यक परेशान न किया जाए।

उन्होंने कहा कि दीपावली के अवसर पर शहर में घूमने वाले सक्षम से छोटे व्यापारी सड़क किनारे बैठकर पूजन सामग्री और त्योहार से जुड़ी अन्य वस्तुओं का विक्रय करते हैं। इन व्यापारियों को आर्थिक राहत देने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा यह पहल की गई है, ताकि वे बिना किसी अतिरिक्त आर्थिक बोझ के अपना व्यापार कर सकें और परिवार के साथ दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मना सकें।

नगर पालिका अध्यक्ष श्री रातौर ने कहा कि छोटे व्यापारियों के चेहरे पर मुस्कान लाना और उनकी परिवारों की खुशियों में सहभागी बनना ही इस पहल का मुख्य उद्देश्य है।

अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ आबकारी विभाग ने विशेष अभियान चलाकर 8 प्रकरण दर्ज किए हैं। कार्रवाई में 25 लीटर कच्ची शराब, 210 किलोग्राम महुआ लाहन, 18 लीटर हल्म भट्टी मदिरा, 21 पाव विदेशी शराब, 10 पाव देशी शराब और 9 बल्क लीटर बीयर जब्त की गई। जब्त सामग्री का बाजार मूल्य 36 हजार 270 रुपए आंका गया है।

प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी राजेश वैश्यकर्मा ने बताया कि प्राप्त सूचनाओं के आधार पर सीहोर क्षेत्र के ग्राम दिवड़िया और झरखेड़ा में दबिश देकर दो प्रकरण दर्ज किए गए तथा दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं खुजनी, भैरूंदा के ग्राम खोजा, रामनगुरा और बंकतरा में कार्रवाई कर छह प्रकरण दर्ज किए गए। इनमें चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि दो आरोपी फरार हैं। सभी आठ प्रकरणों में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। जब्त मदिरा को सीजबंद कर कब्जे में लिया गया तथा महुआ लाहन को सोयाबीन के खेतों में नष्ट किया गया।

कार्रवाई में आबकारी विभाग के सहायक जिला आबकारी अधिकारी संगीत नायक, आबकारी उपनिरीक्षक माधव कुमावत, रिंपू जैन, मुख्य आरक्षक ललित गौते, आबकारी आरक्षक आकाश लोरी, सत्यवान उमर, सुश्री रामसखी एवं नगर सैनिकों का सराहनीय योगदान रहा।

डीआर सीहोर

डिजीटल अखबार

03

आष्टा, इछावर, शैलंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर कार्तिक कृष्ण पक्ष 12 – 2083 सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 06 नवम्बर 2026

न्यूज गैलरी

30 से मिलेगा निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण

सीहोर। शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में वैकल्पिक सत्र 2026–27 के अंतर्गत जनकल्याण के लिए प्रोजेक्ट सीखन के तहत निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम 30 नवंबर से शुरू होगा। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी 28 नवंबर तक महाविद्यालय में पंजीयन करा सकेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को कंप्यूटर एवं डिजिटल तकनीक का व्यावहारिक ज्ञान देना तथा डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं और रोजगार की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को कंप्यूटर एवं इंटरनेट संबंधी बेसिक सीखने का अवसर मिलेगा। इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय में सुबह 10:30 से शाम 5:30 बजे तक उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण में प्रवेश स्थान की उपलब्धता के आधार पर दिया जाएगा। अधिक जानकारी एवं पंजीयन के लिए महाविद्यालय के नोडल अधिकारी इंजीनियर विशाल पमनानी से सीधे मोबाइल नंबर 9827220431 पर संपर्क किया जा सकता है।

त्योहार की खरीदारी ने रोकी हाईवे की रफ्तार, दिनभर लगा जाम

इछावर। दीपावली के अंतिम शनिवार बाजार में गुरुवार को खरीदारों की भारी भीड़ के कारण स्टेट हाईवे–53 पर दिनभर जाम की हालत बनी रही। बाजार में जगह कम होने से दुकानदारों ने सड़क पर ही दुकानें लगा लीं। वहीं खरीदारों के दोपहिया वाहन सड़क किनारे खड़े होने से आवागमन बाधित हो गया। स्थानीय के पास से गांवों के ग्रामीणों की सामग्री के सामान की दुकानें भी बड़ी संख्या में लगी थीं। यातायात संभालने पुलिसकर्मियों की मौजूदगी नहीं दिखी, जिससे वाहन चालकों को परेशानी हुई।

अन्याय से मिला वैभव स्थायी सुख नहीं दे सकता रू मुनि सागर महाराज

आष्टा। मनुष्य को धन–संपत्ति के संग्रह से अधिक धर्म, परोपकार और सद्कर्मों का संचय करना चाहिए। अन्याय से अर्जित वैभव स्थायी सुख नहीं दे सकता। यह बात मुनि सागर महाराज ने जी पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्यधाम अतिशय तीर्थ क्षेत्र बिजोरा मंदिर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि अन्याय करने वाला व्यक्ति भले ही वर्तमान में सुखी दिखाई दे, लेकिन उसके संचित पुण्य समाप्त होने पर परिस्थितियां बदल सकती हैं। इसलिए सभी को न्याय और धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए।

दीपोत्सव में राम–सीता के स्वरूप में नजर आए विद्यार्थी

देहटी। संस्कार अकादमी ऑफ एजुकेशन में दीपावली उत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमानजी के स्वरूप धारण कर रामायण के पात्रों की झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम में रंगोली, दीपक सजावट और नृत्य प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। बच्चों ने सुंदर तरीके से प्रस्तुतियां दीं।

काले पहाड़ गणेश मंदिर में भंडारा आयोजित

सीहोर। काले पहाड़ स्थित गणेश मंदिर में कुबार को शाम पंचायत समिति संगठन ने भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान पुजारी लक्ष्मण दास महाराज का सम्मान किया गया। इस दौरान समिति संगठन सदस्य उपस्थित रहे

काम फिर शुरू देव बड़ला के विकास को मिलेगी गति, पुरातत्व विभाग ने तैयार की 10 साल की योजना

तीन साल से अटके काम जल्द होंगे शुरू, प्राचीन मंदिरों के पुनर्निर्माण से लेकर प्रवेश द्वार, सुरक्षा, रोशनी और पेयजल की सुविधाओं पर जोर

डीआर संवाददाता»जावर



मां नेवज नदी के उद्गम स्थल और ऐतिहासिक–सांस्कृतिक महत्व के केंद्र देवांकल धाम देव बड़ला बीलपान के विकास की लम्बित एक बार फिर बढ़ गई है। संबंधालय पुरातत्व विभाग की टीम ने गुरुवार को यहां पहुंचकर पूरे परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। टीम ने प्राचीन मंदिरों की वर्तमान स्थिति, संरक्षण की जरूरत, पर्यटकों की सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अगले 10 वर्षों में होने वाले विकास कार्यों की समग्र योजना पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने तीन चरणों में होने वाले कार्यों को जल्द गति देने की बात कही।

मंदिर समिति अध्यक्ष ओंकार सिंह भगत ने बताया कि अनुमानित निर्माण व्यय से संबंधित प्रस्ताव संचालनालय पुरातत्व की संयुक्त संचालक डॉ. मनीषा शर्मा, भ्रमणकार डॉ. रमेश यादव, असिस्टेंट इंजीनियर एजेंसी नागदेव, पर्यटन विभाग के असिस्टेंट इंजीनियर राजेश सुमन और पुरातत्व विभाग के शेष अधिकारी डॉ. सुरवैद सिंह जोधा शामिल रहे। स्थानीय इमाम कुंवर विजेंद्र सिंह पारी ने बताया कि स्थानीय सलाहकार डॉ. मनीष शर्मा ने अवगत किया कि तीन चरण से संबंधित विकास कार्यों को चरण शुरू कराया जाएगा।

पहले चरण में बुनियादी सुविधाओं और सुरक्षा पर जोर

राजलहरा डॉ. लोकेश चावरे ने बताया कि देव बड़ला के लिए 10 साल की विकास योजना तैयार की जा रही है। इसके पहले चरण में परिसर के दोनों प्रवेश द्वारों को सुरक्षित करने के लिए गेट लगाए जाएंगे। परिसर के अंदर और बाहर पैदिनिंग वॉल एवं निर्बाध प्रकाश व्यवस्था और बोरिंग जैसे काम कराए जाएंगे। इन कार्यों का उद्देश्य मंदिर परिसर को सुरक्षित बनाने के साथ श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए सुविधाजनक बनाना है।

दूसरे चरण में प्राचीन मंदिरों का होगा पुनर्निर्माण

योजना के दूसरे चरण में मंदिर क्रमांक तीन और चार के पुनर्निर्माण का काम शामिल किया गया है। इसमें अलग भाटी में स्थित दोनों मंदिरों के बीच बने प्लाक डैम को फिर से तैयार कराया जाएगा। परिसर के पिछले हिस्से में स्थित गोदियों को व्यवस्थित करने और प्राचीन मंदिर की दीवार की सफाई का काम भी प्रस्तावित है। अधिकारियों के अनुसार इन कार्यों को अगले 10 वर्षों की समग्र विकास योजना के तहत क्रमबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।

धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी

निरीक्षण के दौरान मंदिर समिति के सदस्यों ने अधिकारियों को देव बड़ला के ऐतिहासिक महत्व, मां नेवज नदी के उद्गम स्थल और तपोभूमि के रूप में इसकी धार्मिक मान्यता की जानकारी दी। स्थानीय श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने भी अपने सुझाव और मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि देव बड़ला केवल पुरातात्विक धरोहर नहीं, बल्कि क्षेत्र का प्रमुख आस्था केंद्र भी है। यहां हर साल हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में पेयजल, रोशनी, आवागमन के रास्ते, सुरक्षा और स्वच्छता की बेहतर व्यवस्था जरूरी है। टीम ने आश्वासन दिया कि देव बड़ला को राज्य के प्रमुख पुरातात्विक एवं धार्मिक पर्यटन स्थलों में विकसित करने के लिए क्रमबद्ध तरीके से काम किया जाएगा। निरीक्षण के बाद मंदिर समिति और स्थानीय लोगों ने उम्मीद है। उन्हें उम्मीद है कि लंबे समय से अटके विकास कार्य अब शुरू होंगे और इस ऐतिहासिक धरोहर को बेहतर स्वरूप मिल सकेगा।

बापू के उपचार और चिकित्सा सुविधाओं की मांग, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन



डीआरसंवाददाता»सीहोर

ग्राम आकाशगंगा बापू के स्वास्थ्य और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं की मांग को लेकर गुरुवार को योग वेदांत सेवा समिति के पदाधिकारियों और अनुयायियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। समिति के सदस्य आकाशगंगा बापू आश्रम अध्यक्ष जैसे विश्वकर्मा के नेतृत्व में पहुंचे सेवादारों, कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं ने जिला कलेक्टर गिरजाकांत चौरसिया को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में बताया गया कि संत आकाशगंगा बापू पिछले करीब 13 वर्षों से जोधपुर मेडिकल आश्रम में निवास हैं। उनकी बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति को लेकर परिजनों, अनुयायियों और श्रद्धालुओं में चिंता है। समिति ने कहा कि उनकी उम्र अधिक है और वे कई गंभीर एवं दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित हैं। हाल में हुए गंभीर हृदयाघात और चिकित्सकों की सलाह को देखते हुए उन्हें तत्काल बेहतर उपचार उपलब्ध कराना जरूरी है।

समिति ने मांग की कि न्यायालयों के आदेशों के अनुरूप जोधपुर स्थित आरोग्यम् हॉस्पिटल में उनके उपचार और जांचों की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही जेल में रहने के दौरान उन्हें आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं, नियमित स्वास्थ्य देखभाल और दैनिक जीवन से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

ज्ञापन में कहा गया कि संत आकाशगंगा बापू पिछले करीब 13 वर्षों से जोधपुर मेडिकल आश्रम में निरुद्ध हैं। उनकी बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति को लेकर परिजनों, अनुयायियों और श्रद्धालुओं में चिंता है। समिति ने उनके जीवन, स्वास्थ्य, उपचार और मानवीय गरिमा की सुरक्षा के साथ न्यायालयों के आदेशों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने की मांग की।

13.50 लाख की सड़क में बिना बेस डाला कंक्रीट, महिला पार्षद ने बदसलूकी

डीआर संवाददाता»इछावर



पलहरा मेहता से नहर तक 13.50 लाख रुपए की लागत से बन रही 90 मीटर सड़क के निर्माण में अनियमितता का आरोप लगा है। ठेकेदार ने बिना बेस तैयार किए 30 मीटर हिस्से में सीधी डालकर कंक्रीट बिछा दिया। इसकी जानकारी मिलने पर वार्ड 12 की महिला पार्षद साही मालवीय ने मौके पर पहुंचकर काम रुकवाया और जांच की मांग की। इस दौरान नगर परिषद अभियंता प्रवीण चौरसिया पर पार्षद से अभद्रता करने का आरोप लगा। अभियंता ने कथित तौर पर कहा कि करन ऐसा ही होगा, जो बने सर ले।

करीब एक घंटे तक मौके पर हंगामा मचता रहा। सूचना पर सीएमओ अनिल त्रिवेदी पहुंचे। उन्होंने बिना बेस बिछे निर्माण का भुगतान रोकने और पूरे काम की गुणवत्ता जांच उच्चतर का आश्वासन दिया। शिकायत सही मिलने पर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की बात भी कही।

सुपर ओवर में फैथ क्रिकेट क्लब ने लेपर्ड भोपाल को हराया

डीआर संवाददाता»सीहोर

बीएसएनएल क्रिकेट मैदान पर आयोजित सेलिब्रेटी एकलव्य टी–20 लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवें दिन दो मुकाबले खेले गए। फैथ क्रिकेट क्लब और लेपर्ड भोपाल के बीच पहला मैच निर्धारित 20 ओवर में 155–155 रन की बराबरी पर समाप्त हुआ। सुपर ओवर में फैथ क्रिकेट क्लब ने जीत दर्ज की। वहीं दूसरे मुकाबले में विदिशा जुनियर्स ने बीसीए भोपाल को 43 रन से हराया।

पहले मैच में लेपर्ड भोपाल ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 155 रन बनाए। अंशिका यादव ने 47, अंकुश सिंह ने 34 और गौरव ने 33 रन जोड़े। जवाब में फैथ क्रिकेट क्लब ने भी 155 रन बनाकर मुकाबला बराबर कर दिया। टीम की ओर से अप्लेशे ने 71 और अरमान अंकित ने 32 रन की पारी खेली।

सुपर ओवर में फैथ की जीत

सुपर ओवर में फैथ क्रिकेट क्लब ने पांच गेंदों पर दो विकेट खोकर 17 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए लेपर्ड भोपाल की टीम पांच रन ही बना सकी। इस जीत में पैथ ने मुकाबला जीत लिया। प्रतियोगिता का यह सुसपड मैच रहा, जिसमें कैसला सुपर ओवर से हुआ।

विदित जुनियर ने 43 रन से हराया

दिन के दूसरे मुकाबले में विदिशा जुनियर्स ने बीसीए भोपाल को 43 रन से शिकस्त दी। मैच के बाद एकलव्य क्रिकेट अकादमी के कोच अतुल कुशवाहा सहित अतिथियों ने फैथ क्रिकेट क्लब के खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया।

एमजी क्लब और आरएसआई के बीच रोमांचक मुकाबला

डीआर संवाददाता»सीहोर



जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में घर मैदान पर मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के सातवें दिन एमजी क्लब और आरएसआई के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने जीत के लिए शानदार खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन मैच के अंतिम क्षणों में एमजी क्लब से विदित ने गोल दागकर अपनी टीम को 1–0 से जीत दिला दी। मैच के दौरान खिलाड़ियों के बीच नोंक पर नियंत्रण बनाने और गोल करने के लिए लगातार संघर्ष देखने को मिला। मुकाबला अंतिम समय तक रोमांचक बना रहा। इसी बीच विदित ने अवसर का लाभ उठाते हुए विपक्षियों को चकमा देकर शानदार गोल किया और एमजी क्लब को जीत दिलाई।

इस अवसर पर जावर के फॉरेस्ट रेंजर सलाहीत सिंह ठाकुर सभी मैच मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल की बारीकियों को समझने और अनुशासन के साथ खेलने का आह्वान किया। इसके बाद एसोसिएशन के सचिव अनंत उपाध्याय, कोच बाबू, मनोज अहिरवार, मनोज पटेरिया भाना, राजा शर्मा और फुटबाल प्रशिक्षक सुरेश कनौजिया सहित अन्य ने अतिथियों का स्वागत किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रिंसराज पटेरिया ने बताया कि प्रतियोगिता में शहर की विभिन्न टीमें हिस्सा ले रही हैं और खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है।

आष्टा में जुआ खेलते छह लोग पकड़े

डीआरसंवाददाता»आष्टा।



पार्वती थाना पुलिस ने मुखबिर की डोकवाड में एक मकान पर दबिश देकर जुआ खेल रहे छह लोगों को पकड़ा। पुलिस की कार्रवाई के दौरान मकान मालिक नसीर खिलजी फरार हो गया। पुलिस ने मौके से 14,620 रुपए नकद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए हैं।

पुलिस को सूचना मिली थी कि नसीर के मकान के एक कमरे में ताश के पत्तों पर रुपए लगाकर जुआ खेला जा रहा है। इसके बाद एसपी सोनाक्षी राजपोरा और एएसपी के निर्देशन तथा एसडीओपी दामोदर गुप्ता के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने दबिश दी।

कार्रवाई में शेख नदीम (37), दानिश (32), शाकिरुद्दीन (36), जावेद (38), सईद पठान (36) और शेख अरबाज (25) को पकड़ा गया। सभी आरोपी अलग–अलग क्षेत्रों के निवासी हैं।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कार्रवाई में उप निरीक्षक शिवलाल यादव सहित पार्षदी थाना पुलिस की टीम शामिल रही।

बैठक ड्रग्स माफिया और अवैध शराब के नेटवर्क को जड़ से समाप्त करें, कानून व्यवस्था की समीक्षा कर अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और व्यापक अभियान चलाने के दिए निर्देश

डीआर संवाददाता»सीहोर



बैठक में संभाग आयुक्त श्री शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ड्रग्स माफिया, नशे के अवैध कारोबार और अवैध शराब के नेटवर्क को जड़ से समाप्त करने के लिए सुनियोजित रणनीति तैयार कर व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाए। ऐसे अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों और संगठित गिरोहों के विरुद्ध गठित एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। खाद पदार्थों में मिलावट और कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए अधिकारियों को नियमित जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। निर्देशित किया गया कि थानवार, दुकानों, खाद्य प्रतिष्ठानों एवं गोदामों का संयुक्त निरीक्षण कर दोषी पाई गई फर्मों के विरुद्ध तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए सभी जिलों में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था कड़ाई से सुनिश्चित करने, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने तथा पुलिस एवं प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नियमित छापे और विशेष अभियान चलाने पर भी जोर दिया।

बैठक में वैकल्पिक संस्थानों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए विशेष गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए गए। सोनाक्षी अंकुश ने कहा कि स्कूलों एवं कॉलेजों के आस–पास छात्राओं में भी नशा पीड़ितों जागरूकता अभियान चलाया जाए।

परिवार के तीन सदस्यों का अब तक कोई सुराग नहीं

डीआर संवाददाता»सीहोर

अमरपुर थाना क्षेत्र के खड़ेसेवा गांव से लापता एक ही परिवार के तीन सदस्यों का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। सुरेश दांगी, उनकी धर्मपत्नी दांगी और मेरे रावेंद्र दांगी की तलाश में जुटे परिजनों को शुक्रवार सात पुलिस द्वारा चलाई गई संयुक्त लोकेशन पर पहुंचे नहीं मिला। वहां केवल भतीजे का मोबाइल मिला है। अमरपुर थाना प्रभारी बीएल तवारी ने बताया कि पैनेसिया से एस किलोमीटर गांव के सभी ठिकाने खंगाल लिए गए। लोकेशन बंद हो गई। पुलिस ने मोबाइल जब्त कर लिया है।

बच्चों को मिठाई, उपहार और पुरस्कार भेंट किए गए

सीहोर। कोतवाली के सवीप स्थित पंचशील विद्यालय में अध्ययन सोहन परियोजना सीहोर की ओर से दीपावली उत्सव आयोजित किया गया। इसमें बच्चों को मिठाई, उपहार और पुरस्कार भेंट किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय संचालक अनुज सिंह ने संस्था की गतिविधियों के साथ विशेष बच्चों के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

संस्था के संस्थापक आदीप गुप्ता अग्रवाल ने कहा कि झोंडारों की सुविधा संकल्प के कर वर्ष तक जुड़ी चाहिए।

डिजीटल अखबार

डीआर विदिशा

04

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ

कार्तिक कृष्ण पक्ष- 12 -2083

विदिशा,दिन शुक्रवार,दिनांक 06 नवंबर,2026

न्यूज गैलरी

सात आरोपियों पर इनाम घोषित, सूचना देने वालों को मिलेगी नकद राशि

विदिशा। एसपी अतुलवानी ने फरार सात आरोपियों की गिरफ्तारी में मदद करने वालों के लिए नकद इनाम घोषित किया है। गुलाबगंज थाने में दर्ज अपराध के आरोपी जितेंद्र और प्रहलाद सिंह लोदीखेरी निवासी कालचरवा की सूचना देने वालों को 3-3 हजार रुपए दिए जाएंगे। वहीं शमशाबाद थाने में दर्ज अपराध के फरार पांच आरोपी गजवान सिंह, ओमवीर सिंह, सुरजवीर सिंह, छोटेलाल सिंह उर्फ छुट्टू और राजपाल सिंह निवासी कलचाटई की सूचना देने वालों को 1-1 हजार रुपए का इनाम मिलेगा।

बुजुर्गों और बच्चों के साथ बांटी दीपावली की खुशियां

विदिशा। एसपी अतुलवानी ने पठार जाकर जरूरतमंद बुजुर्गों और बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने के लिए आयुष विभाग ने दीपावली पर संध्या और संवेदना की पहल की। आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष देवकछारी में आयोजित कार्यक्रम में उनके साथ ज्योतिरा की खुशियां साझा की गईं। इस दौरान मिठाइयां, फल, पटाखे और अन्य जरूरी सामग्री वितरित की गई।जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में पूजा तेकाम और प्रियंका तैनी ने कार्यक्रम का आयोजन कराया। इसमें सुमन सुजवाह, नवीन वर्मा और दीपेंद्र विश्वकर्मा ने सहयोग किया। आयोजकों ने जरूरतमंदों को आत्मीयता के साथ दीपावली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का उद्देश्य वंचित वर्ग के लोगों को त्योहार में अपनेपन और सम्मान का अहसास कराना तथा उनके चेहरों पर मुस्कान लाना रहा।

अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई

गंजबासौदा। दीपावली पर्व के चलते बाजारों में बढ़ती भीड़ से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अतिक्रमण की बढ़ा है। व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर पालिका ने अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई शुरू की है। स्टेशन क्षेत्र से शीतला माता मंदिर तक सर्वेयाई हुई। 12,110 रुपए का जुर्माना वसूला गया। नगर पालिका के अतिक्रमण प्रभारी दरबार्य चौधे ने बताया, दुकानदारों को फुटपाथ पर आधार के लिए जगह चिन्हित कर दी गई है। कई दुकानदार नियम नहीं मान रहे हैं। दुकानों का सामान फुटपाथ तक रखा जा रहा है। पैदल चलने वालों को परेशानी हो रही है। ट्रैफिक भी बाधित हो रहा है। चौधे ने बताया, नियम तोड़ने वाले दुकानदार, फिर व्यापारियों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। पेशानी दी गई है। जुर्माना भरने के बाद भी अतिक्रमण मिला तो सामान जब्त किया जाएगा। नगर पालिका का अभियान 10 नवंबर तक चलेगा।

धनतेरस पर सोना-चांदी ही नहीं, बर्तन, वाहन और झाड़ू खरीदने की भी परंपरा

आज, बाजार में बढ़ी रौनक, हस्त नक्षत्र और मालव्य राजयोग में होगी खरीदारी

लाभ, अमृत और अभिजीत मुहूर्त में खरीदारी करना होगा शुभ, पांच दिवसीय दीपोत्सव की होगी शुरुआत

डीआर संवाददाता ▪▪ विदिशा

पांच दिवसीय दीपोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को धनतेरस के पर्व के साथ होगा। पर्व को लेकर शहर के बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। गुरुवार शाम से ही बाजारों में खरीदारों की भीड़ नजर आने लगी। सराफा बाजार, बर्तन दुकानों और मुख्य चौराहे पर विशेष तैयारियां की गई हैं। धनतेरस पर सोना-चांदी के आभूषणों के अलावा पीतल, तांबे और स्टील के बर्तन, नए वाहन, झाड़ू सहित अन्य वस्तुओं की खरीदारी करते हैं। कई परिवार इस दिन लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाएं, घनिया, गोमती चक्र, कौड़ी, हल्दी, धान की लाई, नमक और दीपावली पूजन सामग्री भी खरीदते हैं।



धर्माधिकारी पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि समुद्र मंथन से धौतल भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। इसी धार्मिक परंपरा के प्रतीक स्वरूप धनतेरस पर नए बर्तन खरीदना विशेष शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई वस्तुओं में लंबे समय तक वृद्धि होती है। लक्ष्मी और कुबेर की कृपा बनी रहती है। मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई वस्तुओं में लंबे समय तक वृद्धि होती है। लक्ष्मी और कुबेर की कृपा बनी रहती है।

खरीदी गई वस्तुओं का करें पूजन

धनतेरस पर खरीदी गई वस्तुओं को घर लाने के बाद उन पर गंगाजल छिड़ककर पवित्र करने की परंपरा है। इसके बाद इन्हें पूजा स्थल पर स्थापित करें। तभी का दिवि-विधान से पूजन किया जाता है। वस्तुओं पर मुनसुन का तिलक लगाकर फूल अर्पित किए जाते हैं। वहीं, शाम को घर के मुख्य द्वार पर दक्षिण दिशा की ओर यमराज के निमित्त दीपदान किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इससे अकाल मृत्यु का भय दूर होता है। वनराज की बहन यमुना से जुड़े होने के कारण इस दिन यमुना स्नान का भी विशेष महत्व बताया गया है।

खरीदारी के शुभ मुहूर्त

ज्योतिष के अनुसार उपलब्धी तिथि 6 नवंबर को सुबह 10.31 बजे से शुरू होकर 7 नवंबर को सुबह 10.46 बजे तक रहेगी। रवियोगी के लिए सुबह 7.45 से अगले दिन सुबह 6.30 बजे तक अमृत सौदिद्ध योग। दोपहर 12.15 से 1.30 बजे तक शुभ लाभ योग 4.30 से 6 बजे तक पर चौघड़िया देखना। इसके अलावा रात 8 से 10.30 बजे तक शुभ चौघड़िया 1 रहेगा।

अभिजीत मुहूर्त सुबह 11.48 से दोपहर 12.36 बजे तक और प्रदोष काल शाम 6.15 से 7 बजे तक रहेगा। इस शुभ समयों में लोग अपनी सुविधानुसार खरीदारी और पूजन कर सकेंगे। ज्योतिष के साथ ही दीपावली के पांच दिवसीय उत्सव की शुरुआत होगी।

पटाखा बाजार में आग, 7 दुकानें और तीन बाइक जली



श्रीरामलीला मेला ग्राउंड में हुआ हादसा, दो दमकल वाहनों ने मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

डीआर संवाददाता ▪▪ गंजबासौदा

बस्ते रोड स्थित नया बस स्टैंड के पास श्रीरामलीला मेला ग्राउंड में गुरुवार शाम पटाखा बाजार में अचानक आग लग गई। आग एक दुकान से शुरू हुई और देखते ही देखते आसपास की दुकानों तक फैल गई। हादसे में पटाखों की सात दुकानें और पास में खड़ी तीन बाइक जलकर राख हो गईं। लगभग तीन दुकानदारों को हजारों रुपए के नुकसान की आशंका है।

घटना की सूचना मिलते ही नगरपालिका और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। आग बुझाने के लिए दो फायर ब्रिगेड लगाई गईं। दमकल कर्मियों ने लंबी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग पर नियंत्रण होने से बड़ा हादसा टल गया।

बीसतल्ला है कि श्रीरामलीला मेला ग्राउंड में इस बार पटाखा दुकानें लगाने के लिए करीब 300 स्थान निर्धारित किए गए थे। इनमें 150 से अधिक दुकानदारों ने दुकानें लगाई हैं। आग की सूचना पर कलेक्टर अंजुल गुप्ता, एसडीएम अनुपमा जैन, एसडीओपी शिखा भतावी, सिटी थाना प्रभारी संजय पंडिया और नगरपालिका सीएमओ अरविंद वर्मा मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दुकानदारों से नुकसान की जानकारी ली। आग लगने का सटीक कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है।

हिट एंड रन के लंबित मामलों का प्राथमिकता से करें निराकरण

डीआर संवाददाता ▪▪ विदिशा



हिट एंड रन दुर्घटनाओं के पैटर्नों और उनके चरित्रों को शासन के प्रावधानों के अनुसार समय पर सहज रीति उपलब्ध कराने के लिए लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा। कुसमय को अवर कलेक्टर मीना मेसराम ने कलेक्ट्रेट के बेला सभागार में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर इसकी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि मामलों के निराकरण में किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। आवश्यक दस्तावेज समय-सीमा में पूरे कराए जाएं। पुलिस और राजस्व विभाग आपसी समन्वय से काम करें, ताकि मामलों की सभी औपचारिकताएं समय पर पूरी हो सकें। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी, विदिशा के थाना प्रभारी, यातायात प्रभारी एवं संबंधित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

शिकायत करना युवक को पड़ा भारी, दबंगों ने लाठियों से किया हमला

जनसुनवाई में कलेक्टर से की थी शिकायत, जांच के दौरान खेत पर हुआ विवाद पूर्व सैनिक सहित चार

डीआर संवाददाता ▪▪ विदिशा।

पठारी थाना क्षेत्र के ग्राम सलखेड़ी लटजीन में कमजोरी पर आँख खोले की शिकायत करना एक युवक और उसके परिजनों को भारी पड़ गया। शिकायत की जांच के दौरान खेत पर पहुंचे एक निहार के अधिकारियों की मौजूदगी में विवाद हो गया। आरोप है कि शिकायत से नाराज लोगों ने युवक और उसके परिजनों पर लाठियों से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल पूर्व सैनिक सहित चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों का उपचार विदिशा मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार सलखेड़ी गांव के निवासी भूरे सिंह राजपूत ने जनसुनवाई में कलेक्टर अंजुल गुप्ता को आवेदन देकर जनसुनि पर अवैध कब्जे की शिकायत की थी। उन्होंने शिकायत के समर्थन में चकुर भी प्रस्तुत किए थे। कलेक्टर ने मामले में का विभाग को जांच के निर्देश दिए। इसके बाद शंकवाहीदा वन विभाग की टीम ने शिकायतकर्ता और कथित कब्जाधारियों को जांच के लिए खेत पर बुलाया।

आरोप है कि इसी दौरान शिकायत को लेकर चंदनाल राजपूत, विनोद सिंह राजपूत, निरंजन सिंह राजपूत, कानसिंह सिंह राजपूत और रामकरण सिंह राजपूत ने लाठियों से हमला कर दिया। घटना में भूरे सिंह राजपूत, पूर्व सैनिक वीरन सिंह राजपूत, रौतेन्द्र राजपूत और भंवर सिंह उनपूत घायल हो गए। घायलों ने पठारी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

वन विभाग की भूमिका पर भी उठाए सवाल

शिकायतकर्ता भूरे सिंह ने वन विभाग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए निष्पक्षता के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि विभाग की कथित लापरवाही से जनसुनि पर कब्जा हुआ और शिकायत के बाद उस पर हमला कराया गया। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उमरिया की बस्ती में 20 परिवारों को मिली बिजली

विदिशा। शमशाबाद तहसील के म ग्राम उमरिया की नई बस्ती टोला में बिजली सुविधा दी गई। बस्ती के 20 परिवारों को बिजली मिलने से अब उनके घरों में रोशनी होगी। ग्रामीणों ने इसे दीपावली से पहले मिला बड़ा उपहार बताया है। इस बस्ती में मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने की पहल की है। जन अभियान पोर्टल पर मिली शिकायत के निराकरण की दिशा में विद्युत विभाग ने कार्यवाही की गई है। कलेक्टर अंजुल गुप्ता ने 4 नवंबर को सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए थे। इसके बाद टीम ने 3.23 किलोमीटर एलटी लाइन व निस्तार का प्रस्ताव तैयार किया है। अ इससे बस्ती के 20 से 30 परिवारों के करीब 150 रहवासियों को लाभ मिलने की संभावना है।

दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के 8 दंपतियों को 13 लाख रुपए की सहायता मंजूर

कलेक्टर अंजुल गुप्ता ने दी स्वीकृति, दिव्यांग वर-वधुओं को मिलेगा आर्थिक संबल

डीआर संवाददाता ▪▪ विदिशा।

दिव्यांगजनों को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत जिले के आठ दंपतियों को कुल 13 लाख रुपए की सहायता स्वीकृत की गई है।

कलेक्टर अंजुल गुप्ता ने 4 नवंबर को सभी प्रकरणों को मंजूरी प्रदान की।

स्वीकृत प्रकरणों में छह दंपतियों को 2-2 लाख रुपए और दो दंपतियों को 1-1 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। दो लाख रुपए की राशि वाले मामलों में लाभ लाभार्थी के नाम से संयुक्त खाता खुलवाकर उसमें राशि जमा की जाएगी। इसके बाद खाते से 50 हजार रुपए की राशि निकाली जा सकेगी, जबकि शेष राशि 5 वर्ष की परिपक्वता अवधि पूरी होने पर ही निकाली जा सकेगी।

आत्मनिर्भर बनाने की पहल

योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों को विवाह के बाद आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करना है। शासन की इस पहल से दिव्यांग दंपतियों को आर्थिक संबल मिलने के साथ सामाजिक सम्मान और सुरक्षा भी बढ़ेगा मिलेगा।

आयुष कार्यालय के निरीक्षण में दो कर्मचारी अनुपस्थित, नोटिस जारी करने के निर्देश

डीआर संवाददाता ▪▪ विदिशा



कलेक्टर अंजुल गुप्ता ने गुरुवार को आयुष अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान दो कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर ने दोनों कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुष अधिकारी भी कार्यालय में मौजूद नहीं मिले।

एडीएम नरेश जैन ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कम्प्यूटर ऑपरेटर मिलेन्द्र प्रजापति और अनिल सूरजवाल अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर ने कार्यालयीन व्यवस्थाओं, रोगी पंजीयन, स्वच्छता, मेडिसिन स्टोरेज और रजिस्टर संधारण की जांच की तथा सभी दस्तावेज अद्यतित रखने के निर्देश दिए।

इस औचक निरीक्षण की सूचना मिलते ही कार्यालय में हड़कंप मच गया। कई कर्मचारी अपने-अपने स्थान से गायब मिले। कलेक्टर ने कार्यालयीन व्यवस्थाओं, रोगी पंजीयन, स्वच्छता, मेडिसिन स्टोरेज और रजिस्टर संधारण की जांच की तथा सभी दस्तावेज अद्यतित रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी अनुपस्थित डॉक्टरों/स्टाफ से सात दिवस में उपस्थिति दर्ज कराने और उपस्थिति के आधार पर ही वेतन आहरण सुनिश्चित करने को कहा।

दीपावली मिलन

दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति में दीपावली मिलन समारोह, सदस्यों को बांटे 51,871 रुपए का बोनस

गुणवत्तापूर्ण दूध उत्पादन के लिए सदस्यों को दिए स्टील के मिल्क कैन, सर्वाधिक दूध देने वाले उत्पादक हुए सम्मानित

डीआर संवाददाता ▪▪ लटेरी

दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित लटेरी में दीपावली मिलन समारोह एवं बोनस वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के अधिकारियों सहित समिति पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में दुग्ध उत्पादकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सदस्यों को कुल 51 हजार 871 रुपए 54 पैसे का बोनस-लाभांश वितरित किया गया।



समारोह में स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सदस्यों को उपहार स्वरूप स्टील के मिल्क कैन भी दिए गए। इनमें 20, 15, 10 और 5 लीटर क्षमता वाले कैन शामिल थे। उपहार मिलने पर दुग्ध उत्पादकों में उत्साह नजर आया।

सर्वाधिक दूध देने वाले उत्पादक सम्मानित

समिति की ओर से सर्वाधिक दूध देने वाले सदस्यों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। मोगत रहमतो दुग्ध संघ के महाप्रबंधक क्षेत्र रंगपरन रावतेरा विजयवर्गीय ने दुग्ध उत्पादकों को स्वच्छता का ध्यान रखते हुए गुणवत्तापूर्ण दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्रबंधक क्षेत्र संचालन वागश्री ने भी सदस्यों को दुग्ध उत्पादन से अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में जिला मंडल अधिकारी निलेश गौर, दुग्ध शीत केंद्र प्रभारी लटेरी पुरुषोत्तम खेमरिया, समिति अध्यक्ष अरविंद पाकड़े, मानसिंह बघेल सिंह यादव, सचिव कुशवाह, राहुल कुशवाह और समिति सहित प्रेमनारायण पाकड़े उपस्थित रहे। अंत में समिति सचिव ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

अवैध शराब के खिलाफ आबकारी-पुलिस की कार्रवाई, 40 लीटर कच्ची शराब और 3300 किलो महुआ लहान जब्त

डीआर संवाददाता ▪▪ विदिशा



जिले में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए आबकारी एवं पुलिस विभाग ने संयुक्त कार्रवाई की। कलेक्टर अंजुल गुप्ता के निर्देश पर शुक्रवार को गंजबासौदा और सिरोंज क्षेत्र में दविश देकर 40 लीटर कच्ची शराब और 3300 किलो महुआ लहान बरामद किया गया। कार्रवाई में कुल छह प्रकरण दर्ज किए गए।

गंजबासौदा के जेल रोड स्थित कजर टपरे में संयुक्त टीम ने दविश देकर 40 लीटर हाथ भट्टी शराब और 3200 किलो महुआ लहान बरामद किया। जब्त सामग्री को अनुमानित कीमत 3 लाख 28 हजार रुपए बताई गई है।

यहां तीन प्रकरण दर्ज किए गए। ग्राम गंगासर में तलाशी के दौरान 58 पाव देसी शराब मिलने पर एक अन्य प्रकरण दर्ज किया गया।

इसी तरह सिरोंज के कजीरपुर टपरे, पनखेड़ी और बामोरेखी में कार्रवाई कर 18 पाव विदेशी, 12 पाव देसी शराब, 5 लीटर बम्बी शराब और 100 किलो महुआ लहान जब्त किया गया। वहां तीन प्रकरण दर्ज किए गए। विभाग ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन

कार्तिक कृष्ण पक्ष-12 -2083

राजगढ,दिन शुकवार,दिनांक 06 नवंबर,2026

न्यूज गैलरी

डेयरी उद्यम चलाने के लिए 12 से शुरू होगा प्रशिक्षण

राजगढ़। डेयरी व्यवसाय शुरू करने के इच्छुक लोगों के लिए आरसेटी में 12 नवंबर से 14 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण शुरू होगा। इसमें गाय-भैंस की उन्नत नस्ल, नवल सुधार, पशु आहार, दैनिकचर्या, टीकाकरण, शेड निर्माण और वर्मी कम्पोस्ट बनाने की जानकारी दी जाएगी। प्रतिभागियों के रहने, भोजन, स्टेशनरी और ड्रेस की व्यवस्था भी निःशुल्क रहेगी। प्रशिक्षण के दौरान जनसमर्थ पोर्टल पर ऋण आवेदन भी भरे जाएंगे। पंजीयन के लिए आरसेटी, संकट मोचन मंदिर के पास सपर्क कर सकते हैं।

मरीजों की गांवों में फिर तलाश, 3 दिन में सूची मांगी

राजगढ़। गांवों में हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज के मरीजों की नए सिरे से पहचान की जाएगी। आशा कार्यकर्ताओं को तीन दिन में मरीजों के नाम और मोबाइल नंबर सहित सूची संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) को देनी होगी। गुरुवार को जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक के बाद सीएमएचओ डॉ. शेख जलालुद्दीन ने ये निर्देश जारी किए हैं।

एक साल से बंद ब्यावरा मार्कण्डेय केंद्र फिर खुला

राजगढ़। ब्यावरा के किसानों को अब एक साल बाद मार्कण्डेय केंद्र से खाद मिल सकेगा। यहां पिछले एक साल से खाद वितरण बंद था। कलेक्टर के निर्देश पर अब ई-डिस्ट्रो प्रणाली के तहत ई-टोकन के माध्यम से वितरण शुरू कर दिया गया है।

महर्षि पब्लिक स्कूल में दीपावली महोत्सव,

जीरापुर। महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली महोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान रंगोली, दीप सज्जा, आकर्षक सजावट और मंत्रमुग्ध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने ऑपरेशन सिंदूर, भारतीय सेना, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर आकर्षक रंगोलियां बनाईं। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 10वीं इण्टिमा मीडियम प्रथम, 11वीं इण्टिमा मीडियम द्वितीय और 12वीं आर्ट्स/कॉमर्स हिंदी मीडियम तृतीय स्थान पर रही।

बिजली पोल पर काम करते समय करंट कर्मचारी की मौत

नरसिंहगढ़। रामपिपल्या ग्राम आनलेड़ा में बुजवार ग्राम बिजली के पोल पर काम करते समय करंट लगने से आउटसोर्स कर्मचारी जगदीश गुरुवाल की मौत हो गई। वे गंदिया डीपी से लाइन हेल्पर के पद पर कार्यरत थे।

सोयाबीन की अच्छी पैदावार से बाजार में बढ़ेगी रौनक, पांच दिन में 10 करोड़ के कारोबार की उम्मीद

किसान करेंगे त्योहार की खरीदारी, नवरात्रि से अब तक 5 हजार से अधिक दोपहिया वाहन बिके्य, इलेक्ट्रिक बाइक की मांग ज्यादा

डीआर संवाददाता ✉ ब्यावरा।



भांड दिवाली दीपोत्सव की शुरुआत के साथ ही ब्यावरा का बाजार सजकर तैयार है। धनतेरस और दीपावली को लेकर दुकानों पर साजावटी सामान से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े, बर्तन, मोबाइल और आभूषणों की वैराइटी उपलब्ध है। व्यापारियों को उम्मीद है कि इस बार पांच दिनों में बाजार में करीब 10 करोड़ रुपए तक का कारोबार हो सकता है। इसकी बड़ी वजह आसपास के करीब 50 गांवों से आने वाले किसान और शामिल शादक हैं।

इस बार सोयाबीन की अच्छी पैदावार होने से किसानों के पास रुपया बेचने के बाद खरीदारी के लिए पैसा आने की उम्मीद है। मंडी में उपज बेचने के साथ ही किसान रबी फसलों की तैयारी भी कर रहे हैं। इसी के बीच त्योहार के लिए घरेलू जरूरतें और नए सामान की खरीदारी का सिलसिला शुरू हो गया है। पिछले दो दिनों से बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी है। पैपल चौराहे सहित मुख्य बाजारों में दुकानों पर खरीदार पहुंच रहे हैं।

शहर के बाजार में मोबाइल, कपड़े, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स, हार्डवेयर, क्रॉकरी-प्लास्टिक के सामान और सजावटी वस्तुओं की दुकानें सजी हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम में नए मॉडल के उपकरण उपलब्ध हैं। वहीं सराफा बाजार में सोने-चांदी के सिक्के, मूर्तियां और आभूषणों की अलग-अलग वैराइटी ग्राहकों के लिए रखी गई है। व्यापारियों का कहना है कि धनतेरस से खरीदारी में तेजी आती है और यह सिलसिला दीपावली तक जारी रहता है।

दोपहिया वाहनों की बिक्री 5 हजार के पार

नवरात्रि से ही इलेक्ट्रॉनिक और दोपहिया वाहन बाजार में रौनक बढ़ने लगी थी। बाइक शोरूम संचालक अमन मंगल और वसीम अग्रवाल के अनुसार, नवरात्रि से अब तक करीब 3 हजार पेट्रोल बाइक और 2 हजार से अधिक इलेक्ट्रिक बाइक बिक चुकी हैं। इस बार इलेक्ट्रिक बाइक की मांग ज्यादा देखने को मिल रही है। धनतेरस और दीपावली तक बिक्री का आंकड़ा करीब 10 हजार तक पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

इलेक्ट्रॉनिक्स सामान के दाम 5 से 10 प्रतिशत बढ़े

इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबारियों के अनुसार, इस बार उपकरणों की कीमतों में करीब 5 से 10 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। दाम बढ़ने के कारण बिक्री की रफ्तार में कुछ कमी है, लेकिन कीमतों में बढ़ोतरी से कारोबार की आय पर ज्यादा असर नहीं पड़ रहा है। व्यापारियों को उम्मीद है कि धनतेरस पर ग्राहकों की संख्या बढ़ने के साथ बाजार में खरीदारी और तेज होगी।

मोबाइल हैक कर महिला के खाते से उड़ाए 3.48 लाख

29 अक्टूबर से 1 नवंबर के बीच अलग-अलग यूपीआई आईडी पर ट्रांसफर हुए रुपए

डीआर संवाददाता ✉ ब्यावर



ब्यावर शहर में खुद ब्यावरा निवासी एक महिला के बैंक खाते से 3 लाख 48 हजार 850 रुपए निकाल लिए। पीड़िता परिवार का आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल गलत हैक कर खाते में सेंध लगाई। ठगी की रकम एक बार में नहीं, बल्कि नौ अलग-अलग ट्रांसेक्शन के जरिए निकाली गई। पीड़िता ओमप्रकाश हिंगड़े ने 4 नवंबर को सिटी थाना ब्यावरा में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार ओमप्रकाश का मोबाइल पत्नी के बैंक खाते से जुड़े लेनदेन के लिए उपयोग होता है। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने खाते से रकम निकाल ली। बैंक स्टेटमेंट निकलवाने पर पता चला कि 29 अक्टूबर से 1 नवंबर के बीच अलग-अलग यूपीआई ट्रांसेक्शन के माध्यम से कुल 3,48,850 रुपए ट्रांसफर किए गए। इनमें कुछ कुल कैश, सिद्धेश्वर फोटोग्राफी एंड गियर सहित अलग-अलग यूपीआई आईडी का उल्लेख है।

एक सप्ताह में आधा दर्जन से अधिक लोग ठगी के शिकार

क्षेत्र में साइबर ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। अलग-अलग थानों में एक सप्ताह के दौरान 20 से अधिक शिकायतें मिली हैं। वहीं, एक सप्ताह में आधा दर्जन से अधिक लोगों से ठगी की घटनाएं सामने आई हैं। ठग लिंक भेजकर क्लिक करवाने और केवाईसी कार्ड संबंधित अन्य प्रलोभनों के जरिए लोगों को निशाना बना रहे हैं।

बैंक स्टेटमेंट के आधार पर जांच

सिटी थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। बैंक स्टेटमेंट और ट्रांजेक्शन की जानकारी के आधार पर जांच की जा रही है। आरोपियों का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी।

जमानत के नाम पर 3 हजार रुपए लेने का आरोप, बाबू निलंबित

डीआर संवाददाता ✉ अशोकनगर

जमानत की कार्रवाई के बदले 3 हजार रुपए मांगने और लेने की शिकायत पर कलेक्टर डॉ. निरीश कुमार सिंह ने कार्रवाई की है। तहसील राजगढ़ में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 प्रवीनकर रघुवंशी वर्मा को निलंबित कर दिया गया है। वहीं, नायब तहसीलदार मनोहर सूत्रधार का सर्किल बदलकर उन्हें राजगढ़ से हटाते हुए किला अमरगढ़ का प्रभार सौंप गया है।

कुरावर को अधिवक्ताओं ने कलेक्टोरेट पहुंचकर जमानत के बदले रुपए मांगने की शिकायत की थी। अधिवक्ता संदीप पराशर ने आरोप लगाया था कि जमानत की कार्रवाई के दौरान रघुवंशी वर्मा ने उनसे 3 हजार रुपए मांगे और लिए। मामले में राहुल वर्मा से स्पष्टीकरण लिया गया, जिसमें उन्होंने आरोपों को नकारते हुए रुपए मांगने और लेने से इनकार किया।

सात दिन में आरोप पत्र तैयार होगा

कलेक्टर ने प्रकरण का अध्ययन करने के बाद प्रथम दृष्टया प्रारंभिक जांचों के निर्देश में कोर्ट अतिरिक्तता मानते हुए निलंबन के आदेश जारी किए।

निलंबन अवधि में राहुल वर्मा का मुख्यालय तहसील कार्यालय जीरापुर रहेगा। कलेक्टर ने सहायीलदार राजगढ़ को सात दिन के भीतर आरोप पत्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर मौत, पीछे बैठी महिला घायल

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़



राजगढ़-ब्यावर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार सुबह पीपलबे आवास के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद महिला सड़क पर गिर गई, जबकि ओमप्रकाश बाइक के साथ काफी दूर तक घिसटता चला गया। हादसा इतना भीषण था कि ओमप्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई।

छोड़कर फरार हुआ चालक

हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से भाग गया। सूचना मिलते ही राहगीर मौके पर पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, ओमप्रकाश गुरुवार सुबह बाइक से नलाखेड़ी गांव की एक महिला को राजगढ़ जिला जेल में बंद उसके बेटे से मिलवाने के लिए निकला था। सुबह करीब 9:30 बजे पीपलबे आवास के सामने ब्यावरा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद महिला सड़क पर गिर गई, जबकि ओमप्रकाश बाइक के साथ काफी दूर तक घिसटता चला गया। हादसा इतना भीषण था कि ओमप्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई।

घायल महिला को राहगीरों और पुलिस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार, ओमप्रकाश के परिजन नलाखेड़ी गांव में ही रहते हैं। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। थाना प्रभारी संजू माहौनिया ने बताया कि दुर्घटना में शामिल ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज ग्राम अजलेश्वर आएंगे

अशोकनगर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 6 नवंबर को अशोकनगर जिले की नईसराय तहसील के ग्राम अजलेश्वर पहुंचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे दोपहर 3.30 बजे जिले से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर लगभग 4.35 बजे अजलेश्वर पहुंचेंगे। यहां चंदेरी विधायक जनमंगल सिंह रघुवंशी की सभा के निमित्त पर ग्राम सर्वेक्षणकर्ता ग्राम कर अद्धजिसे अर्पित करेंगे। इसके बाद लगभग 5.05 बजे कोसले के लिए रवाना होंगे।

कलेक्टर-एसपी ने किया आतिशबाजी मेले का निरीक्षण, मॉक ड्रिल से परखी सुरक्षा

आगजनी के बाद प्रशासन सतर्क, ब्यावरा में सूचना मिलते ही दो मिनट में पहुंचा दमकल

डीआर संवाददाता ✉ ब्यावरा।

दीपावली पर शहर के दशहरा मैदान में आतिशबाजी मेला सजकर तैयार है। यहां खरीदारों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था भी जांच ली। गुरुवार देर शाम कलेक्टर डॉ. निरीश कुमार सिंह और एसपी डॉ. अंकित तीजारी ने मेले का निरीक्षण किया। मंगलवारा में हुई आगजनी की घटना को ध्यान में रखते हुए सीमें पर मॉक ड्रिल भी कराई गई।

इस दौरान दमकल वाहन की उपलब्धता और अग्नि सुरक्षा इंतजामों को परखा गया। मॉक ड्रिल में ब्यावर में सूचना मिलने के महज दो मिनट के भीतर दमकल वाहन मेले के पास पहुंच गया। उसके बाद कलेक्टर ने इसी तरह की व्यवस्था के परीक्षण के दौरान दमकल वाहन को पहुंचने में करीब 21 मिनट लगे थे।

मेले के सामने तैनात दमकल वाहन

प्रशासन ने आतिशबाजी मेले के ठीक सामने दमकल वाहन खड़ा करवाया है। इसकी निगरानी के लिए एक एएसआई की ड्यूटी भी लगाई गई है, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल दमकलकर्मी दे सकें। निरीक्षण के दौरान अग्निशमन यंत्रों की भी जांच की गई और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

सड़कों पर कचरे के ढेर देख भड़के कांग्रेसी, नपा के सामने किया प्रदर्शन

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़



दीपावली के त्योहार पर बाजार में रौनक बढ़ने के बजाय सड़कों पर कचरे के ढेर लगने से शहर की सफाई व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। सफाई कर्मचारियों की प्रदेशव्यापी हड़ताल के चलते पिछले दो दिनों से शहर के चौराहों, बाजारों और मोहल्लों में कचरा जमा है। इसको लेकर कुरावर की शहर कांग्रेस कमेटी ने नगर पालिका के सिंहद्वार मोर्चा खोलते हुए प्रदर्शन किया और नगर

पालिका का घेराव करते हुए नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि हड़ताल की जानकारी होने के बावजूद नगर पालिका ने सफाई और कचरे के निष्पादन की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की। सड़कों पर फैली गंदगी से आमजन परेशान हैं। खासी, त्योहार के समय बाजार में बढ़ती भी प्रभावित हो रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तत्काल सफाई व्यवस्था बहाल करने की मांग की।

इसके बाद अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

दीपोत्सव

दीपावली की शुभकामनाएं देने मुख्य बाजार पहुंचे विधायक मोहन शर्मा

व्यापारियों से किया संवाद, सब्जी मंडी में जाम की समस्या पर भी ध्यान आकर्षित कराया

डीआर संवाददाता ✉ कुरावर



दीपावली पर्व को लेकर नगर के बाजारों में रौनक और उत्साह का माहौल है। इसी बीच गुरुवार शाम करीब 5 बजे विधायक मोहन शर्मा नगर के मुख्य बाजार पहुंचे। उन्होंने विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर जाकर व्यापारियों, दुकानदारों और नागरिकों से मुलाकात की तथा सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। बाजार भ्रमण के दौरान उन्होंने व्यापारियों से आपसी संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी भी ली।

सब्जी मंडी में जाम की समस्या उठाई

बाजार भ्रमण के दौरान व्यापारियों ने विधायक को सब्जी मंडी क्षेत्र में कार दिन लगने वाले जाम की समस्या से अवगत कराया। व्यापारियों ने बताया कि मंडी में दुकानों और ग्राहकों की अधिक आवाजाही के कारण आवागमन प्रभावित होता है। इससे व्यापारियों के साथ आम नागरिकों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। विधायक ने व्यापारियों की बात गंभीरता से सुनी और समाधान की जानकारी दी।

गीतिका से मिठी के दीये खरीदकर बढ़ाया उत्साह

बाजार भ्रमण के दौरान विधायक की नजर स्थानीय उपजीविका रामनाथ निवासी गीतिका प्रजापति पर पड़ी, जो अपने हाथों से तैयार किए गए मिट्टी के दीये बेच रही थी। विधायक ने उनके पास पहुंचकर दीये खरीदे और उनके प्रयास की सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि गीतिका जैसी बेटियां आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं, यह समाज के लिए गर्व की बात है। स्थानीय कारीगरों और छोटे दुकानदारों को प्रोत्साहन देना जरूरी है।

इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुन्दर सिंह चौहान, सरपंच रमेश अग्रवाल डी. दिनेश नवलोई, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मनफूल सिंह बना, सक्रांन्दे लहान राजपूत, एसोसिएशन नायक, मंडल उपाध्यक्ष हिरदेश चंदनवी, अनंत व्यापारी संघ अध्यक्ष फत्त अग्रवाल, पार्षद बद्रीलाल धाकड़सहित अन्य जनप्रतिनिधि, व्यापारी और नागरिक मौजूद रहे।

पिपरई में अवैध अस्पतालों पर प्रशासन की कार्रवाई, वैष्णवी क्लीनिक सील

डीआर संवाददाता ✉ पुना



नगर और अस्पताल के बीजों ने राजस्थित अवैध अस्पतालों एवं क्लीनिकों के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन ने कार्रवाई की। जिला चिकित्सालय अधिकारी के आदेश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरई के प्रभारी डॉ. आशीष पहेलिया और नायब तहसीलदार अंजली चौधरी ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ पांच से छह स्थानों पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अनियमितताएं मिलने पर अस्पतालों को सील किया गया।

कार्रवाई के दौरान बीज ने संचालित वैष्णवी अस्पताल एवं क्लीनिक जो की निरीक्षण किया गया। यहां गोलू लोधी द्वारा बिना वैध डिग्री के अस्पताल संचालित किए जाने का मामला सामने आया। इसके बाद प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने क्लीनिक को सील कर दिया।

लगातार मिल रही थीं शिकायतें

सीएचसी प्रभारी डॉ. आशीष पहेलिया ने बताया कि क्षेत्र में निजी अस्पतालों और क्लीनिकों के संचालन को लेकर मरीजों जी ओर से लगातार शिकायतें मिल रही थीं। कई स्थानों पर आवश्यक डिग्री और योग्यता के बिना उपचार किए जाने का मामला सामने आया। इसके बाद जिला स्तर से मिले आदेश पर औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान गोलू लोधी पर शासकीय कार्य में बाधा डालने और अधिकारियों से अभद्र व्यवहार करने का भी आरोप लगा। नायब तहसीलदार अंजली चौधरी ने बताया कि मामले में धारा 151 के तहत कार्रवाई कर उसे जेल भेज गया।